प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. पेट्रोल–डीजल को लेकर अफवाहों पर राज्य सरकार सख्त : कहा– प्रदेश भर में आपूर्ति सामान्य, लोगों से अतिरिक्त खरीदारी न करने की अपील, केंद्र सरकार ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क में की दस रुपये प्रति लीटर की कटौती।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल करेंगे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय नागरिक उड्यन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू होंगे कार्यक्रम में शामिल।
3. प्रदेश भऱ में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है रामनवमी का पर्व : अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में किया गया रामलला का सूर्यतिलक। और
4. राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में रुक रुक कर बारिश से जनजीवन प्रभावित : मुख्यमंत्री ने बारिश से फसलों के नुकसान का आकलन कर किसानों को मुआवजा दिलाने के दिए निर्देश।

————————

उत्तर प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर राज्य सरकार ने साफ किया है कि प्रदेश में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद विभाग, रणवीर प्रसाद ने कहा कि सभी जिलों में मांग के

अनुसार पेट्रोल–डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है और कहीं भी संकट जैसी स्थिति नहीं है। पेश है एक रिपोर्ट......

*प्रदेश सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों के आधार पर घबराहट में अतिरिक्त पेट्रोल–डीजल की खरीदारी न करें। सरकार ने सोशल मीडिया पर ईंधन की कमी जैसे भ्रामक संदेशों को गलत बताते हुए कहा कि ऐसी खबरें फैलाने वाले लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश सरकार ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों की स्थिति पर नजर रखें और कहीं भी आपूर्ति बाधित न होने दें। प्रदेश सरकार ने भरोसा दिलाया है कि आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। पेट्रोल–डीजल को लेकर किसी भी तरह की चिंता की जरूरत नहीं है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।*

———————————

केंद्र सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। सोशल मीडिया पोस्ट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि यह निर्णय पश्चिम एशिया संकट के बीच लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों से राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कमी सही समय पर नागरिकों के हित में लिया गया निर्णय है जो पश्चिम एशिया संकट के बीच राहत प्रदान करगा। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज

चौधरी ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में बड़ी कटौती करने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। बाइट.......

*आज जो एक्साइज ड्यूटी पेट्रोल में ₹10 लीटर की जो कटौती की है और डीजल में जो ₹10 लीटर ही लगता था पूरा एक्साइज उसको पूरा जीरो किया है। इसकी जितनी प्रशंसा किया जाए वह कम है। देश के आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने संसद में कहा था, हमारे लिए देश और देशवासी सर्वोपरि हैं।*

———————

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि पेट्रोल, डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन—एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होगी। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैठक बुलाई है। इसमें यह निर्णय लिया गया कि वैश्विक स्थिति के कारण पेट्रोल, डीजल और एटीएफ की कीमतों में वृद्धि नहीं होनी चाहिए। बाइट.....

*आज इस निर्णय के कारण सप्लाई कमी नहीं होगा। जनता को डीजल भी पेट्रोल भी क्रूड भी मिलेगा और एटीएफ बहुत इम्पोटेंट है भारत देश का एटीएफ और हमारे कम्पनियों को एक एटीएफ मिलना आवश्यक है। मान्य प्रधानमंत्री जी ने इमर्जेंसी में एक मीटिंग बुलाई और इस विषयों के ऊपर चर्चागोष्टि करके तुरंत निर्णय किया।*

———————

लॉकडाउन की अफवाहों को निराधार बताते हुए श्रीमती सीतारामन ने लोगों को आश्वस्त किया कि कोविड महामारी के दौरान लागू किए गए लॉकडाउन जैसा कोई लॉकडाउन नहीं होगा।

—————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*पहले चरण में एक रनवे और एक टर्मिनल के साथ एयरपोर्ट का शुभारंभ होगा एयरपोर्ट की वार्षिक क्षमता लगभग 12 मिलियन यात्रियों को संभालने की होगी। एयरपोर्ट के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रशासन ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए व्यापक सुरक्षा उपाय किए हैं। पूरे क्षेत्र को कई सुरक्षा क्षेत्रों में विभाजित किया गया है और प्रमुख स्थानों पर पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भारी तैनाती की गई है। भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्जन किया गया है। प्रशासन की तरफ से समारोह के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। यह एयरपोर्ट दिल्ली–एनसीआर और पश्चिमी उत्तर में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों के लिए न केवल नया विकल्प देगा, बल्कि आर्थिक विकास को भी गति देगा। विशाल धर दूबे।*

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश भर् में आज राम नवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। अयाध्या में रामनवमी के पावन अवसर पर आज श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम का सूर्य तिलक किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद भवन स्थित अपने कार्यालय से टेलीविजन पर अयोध्या में, श्री राम जन्मभूमि मंदिर में, भगवान राम की पूजा–अर्चना और सूर्य तिलक के दर्शन किए। अयोध्या में राम नवमी को लेकर विशेष इंतजाम किए गए थे। पेश है एक रिपोर्ट......

*अयोध्या में श्री राम जन्मोत्सव धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। दोपहर ठीक 12 बजे सूर्य की किरणों ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। इस दौरान श्री रामलला की आरती उतारी गई। सूर्य तिलक से पहले उनका पंचामृत से अभिषेक कर विशेष श्रंगार भी किया गया़। सूर्य तिलक के दौरान अयोध्या में पटाखे जलाकर भक्तों ने खुशिया मनायीं। 50 एलईडी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी। इस दौरान भक्तभाव विभोर होकर जयकारे लगाने लगे। भगवान राम लला को 56 प्रकार के भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। प्रशासन ने*

*सुरक्षा और सुविधा के व्यापक इंतजाम किए थे। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भी मनाया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि भगवान राम प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा रहे हैं।

प्रदेश में रामराज्य की अवधारणा से बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। चित्रकूट में भी रामनवमी का पर्व धूमधाम स मनाया गया। यहां रामघाट से लेकर रघुवीर घाट तक 22 लाख दिए जलाए गए।

वहीं चत्र नवरात्रि की नवमी तिथि पर मां विन्ध्यवासिनी देवी मंदिर, मां पाटेश्वरी देवी बलरामपुर सहित राज्य के सभी देवीमंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कौशाम्बी में हुए सड़क हादसे के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2–2 लाख रुपये तथा घायलों को 50–50 हजार रुपये आर्थिक मदद देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन के आलाधिकारियों को राहत–बचाव तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि घायलों का समुचित तरीके से

इलाज कराया जाय। आज दोपहर कानपुर–प्रयागराज हाईवे पर एक वाहन और ट्रक की टक्कर में आठ की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गये।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की हैं। आज सुबह बामपुर गांव स्थित गंगा घाट पर स्नान करने गए सात बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटना में तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई।

———————

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में आज रुक–रुक हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज चमक के साथ वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक, 29 मार्च से कई जिले बारिश से प्रभावित रहेंगे। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रदेश में हुई असमय बारिश से किसानों की बर्बाद हुई फसल की जानकारी ली और अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों का हित सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे में बारिश के कारण फसलों को हुए

नुकसान का त्वरित आंकलन कर राहत पहुंचाना सुनिश्चित करें। किसान टोल–फ्री नंबर (KRPH) **14447** पर फसल नुकसान की तत्काल सूचना दे सकते हैं।

(समाप्त)